पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

सहयोगी भी पकड़ा गया, सरकारी निवास में लोकायुक्त ने किया ट्रेप, काम दिलाने के एवज में मांगी थी एक लाख की रिश्वत

नवभारत न्यूज

रीवा, 11 अगस्त, रीवा लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार की सुबह 10 बजे सिविल लाइन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एवं एक सहयोगी को शासकीय निवास में 50 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है.

एक फर्म को निर्माण कार्य की गुणवत्ता परीक्षण का काम विभाग में दिलाने के एवज में एक लाख की रिश्वत मांगी गई थी. 50 हजार लेते लोकायुक्त टीम ने पकड़ा है. आरोपीगण के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सोनू सिंह टेस्टिंग लैब पीवीपी एलटीडी जिला सतना में मैनेजर के पद पर कार्यरत है. जिनके द्वारा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की गई थी कि उनकी फर्म के द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है. फर्म को लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा में काम दिलाने के एवज में प्रभारी मुख्य अभियंता कैलाश कुमार लच्छे जिनका मूल पद कार्यपालन यंत्री है के द्वारा प्रतिमाह एक लाख रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी. 4 अगस्त को शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा द्वारा शिकायत की जांच कराई गई. सत्यापन में पाया गया कि प्रभारी मुख्य अभियंता द्वारा अपने साथी विदिशा निवासी धर्मवीर भारती के सहयोग से 50 हजार रूपये लिये थे. मंगलवार की सुबह 10 बजे 50 हजार लेकर प्रभारी मुख्य अभियंता के निवास पर शिकायतकर्ता पहुंचा. जहा पहले से मौजूद टीम ने प्रभारी मुख्य अभियंता और अशासकीय सहयोगी धर्मवीर भारती को 50 हजार लेते धर दबोचा. आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संसोधन अधिनियम 2018 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया, मामले की जांच की जा रही है. कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार, निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया सहित 12 सदस्यीय टीम मौजूद रही.

प्रभारी सीई 50 हजार लेते ट्रैप हुए है : शर्मा

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी रीवा संभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता कैलाश कुमार लच्छे जिनका मूल पद कार्यपालन यंत्री है उनके द्वारा सतना की एक फर्म को गुणवत्ता परीक्षण का काम विभाग में दिलाये जाने के लिये हर माह एक एक लाख रूपये की रिश्वत मांगी जा रही थी. 50 हजार रूपया अपने सहयोगी धर्मवीर भारती के सहयोग से ले चुके थे और मंगलवार की सुबह 50 हजार लेते हुए अपने शासकीय निवास में पकड़े गये है . दोनो आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है .

तेज चमक के साथ ऊर्जाधानी 4 घंटे से ब्लैकआउट

तेज बारिश के साथ बिजली भी चमकी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अगस्त। जिला मुख्यालय बैढ़न समेत ऊर्जाधानी में मंगलवार की शाम तेज चमक-गरज शुरू हुआ और बारिश का दौर शुरू होते ही बिजली भी गुल हो गई। बैढ़न समेत एनसीएल जयंत, निगाही परियोजना क्षेत्र समेत हर जगह अंधेरा छा गया है। सर्विस बैढ़न-1 एवं 2 में फाल्ट आ जाने से बिजली आपूर्ति ठप्प है। एमपीईबी अमला फाल्ट को तलाशने में लगा हुआ है।

दरअसल मंगलवार की शाम करीब 7 बजे से आसमान में तेज चमक-गरज शुरू हुआ और देखते ही देखते बारिश जोर पकड़ ली। आलम यह था कि बारिश शुरू होते ही शहर सहित एनसीएल परियोजनाओं की बिजली भी गुल हो गई। जिला मुख्यालय के साथ-साथ एनसीएल जयंत सीजीएम दफ्तर में जहां अंधेरा छाया रहा, वहीं पूरे अंचल की स्ट्रीट लाइटे भी बंद रही। एमपीईबी के अधिकारियों के अनुसार बैढ़न सर्विस क्रमांक 1 एवं 2 में फाल्ट आया है, तलाश की जा रही है। इधर बिजली के गुल होने से पूरा शहर ब्लैकआउट हो गया है।

निगाही मार्ग में गिरा भारी भरकम पेड़

निगाही के विद्युत वितरण उप केन्द्र समीप जयंत-निगाही मुख्य मार्ग में एक भारी भरकम पेड़ भरभराकर गिर पड़ा, जिसके चलते करीब 1 घंटे तक आवागमन पूरी तरह से ठप्प होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइने लग गई थी। इस दौरान छोटे-बड़े वाहनों के पहिए थम गए थे।

मेल सर्जरी वार्ड में स्टाफ से अभद्रता

नवभारत न्यूज

सतना 11 अगस्त. मारपीट के प्रकरण के बाद अस्पताल में भर्ती मरीज और तीमारदारों को गांजा पीता देख जब स्टाफ ने मना किया तो अपनी गलती मानने के बजाए उन्होंने वार्ड स्टाफ और चिकित्सक के साथ अभद्रता और धमकी देनी शुरु कर दी. जिसे देखते हुए चिकित्सकों द्वारा सिविल सर्जन से शिकायत करते हुए मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है.

मारपीट के प्रकरण के बाद ऋषभ द्विवेदी नामक मरीज को जिला चिकित्सालय लाया गया. जिसके बाद उसे दो दिन पहले मेल सर्जरी वार्ड में भर्ती करते हुए उपचार शुरु किया गया. लेकिन भर्ती होने के बाद से ही मरीज ऋषभ और उसके तीमारदारों ने वार्ड में हंगामा करना शुरु कर दिया. हलांकि उनके इस व्यवहार से वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों सहित स्टॉफ असहज महसूस कर रहा था. लेकिन इसके बावजूद भी किसी ने कोई रोक-टोक नहीं की. लेकिन मामले की हद तक होती नजर आई तक सोमवार की रात ऋषभ और उसके तीमारदार वहीं पर गांजा पीते दिखाई दिए. यह देखते हुए स्टाफ ने विरोध किया. लेकिन अपनी गलती मानने के बजाए गांजा पी रहे लोगों ने उल्टा स्टॉफ को ही धमकाना शुरु कर दिया. वहीं मंगलवार की सुबह जब चिकित्सक मेल सर्जरी वार्ड में राउण्ड के लिए पहुंचे तो स्टाफ ने घटना की जानकारी दी. यह सुनकर जब चिकित्सक द्वारा जब ऋषभ और उसके साथ के लोगों से इस संबंध पूछा तो उन्होंने चिकित्सक के साथ भी अभद्रता करनी शुरु कर दी.

40 लाख की जेसीबी बरामद

सिंगरौली/सरई, 11 अगस्त. सरई थाना पुलिस ने ग्राम कोनी रेलवे स्टेशन के पास से चोरी हुई करीब 40 लाख रुपये कीमत की जेसीबी मशीन को महज 24 घंटे के भीतर बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में दो विधि-विरुद्ध बालकों को पकड़ा है, जबकि पूछताछ में शिवा पांडेय की भूमिका सामने आने पर उसे भी आरोपी बनाया गया है। बरामद जेसीबी मशीन को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

कलेक्टर ने अमिलिया खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी, 11 अगस्त. विकासखंड सिहावल के भ्रमण के दौरान कलेक्टर विकास मिश्रा ने अमिलिया स्थित खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं किसानों को खाद उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता एवं वर्तमान स्टॉक के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए।

प्रधान आरक्षक के सुसाइड नोट में तबादले को लेकर छलका दर्द

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 अगस्त। पुलिस विभाग के स्पेशल ब्रांच में पदस्थ में कार्यरत प्रधान आरक्षक राकेश गांगले की आत्महत्या ने पुलिस मुख्यालय भोपाल की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

सुसाइड नोट में तबादले को लेकर लिखी गई बातों ने महकमे के भीतर की उस पीड़ा को उजागर किया है, जिसे शायद ड्यूटी के दबाव में लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था। यदि सुसाइड नोट में दर्ज आरोपों को आधार माना जाए तो राकेश अपने स्थानांतरण के लिए कई बार भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचा, आवेदन दिए, लेकिन उसकी गुहार पर अपेक्षित सुनवाई नहीं हुई। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राकेश गांगले पुलिस विशेष शाखा में पदस्थ था और मूलत: खरगौन जिले का निवासी था। खरगौन और सिंगरौली के बीच 1000 किलोमीटर से अधिक की दूरी है।

राखी पर घर आऊंगा, बेटे से आखिरी बातचीत में छलका

घटना के एक दिन पहले शनिवार को बेटे अक्षय से बातचीत में उन्होंने कहा था कि राखी पर घर आऊंगा, जल्द ट्रांसफर हो जाएगा। परिजनों के मुताबिक, घर से करीब 1000 किलोमीटर दूर ड्यूटी होने का दर्द उन्हें लगातार परेशान कर रहा था।

क्या मुख्यालय में कर्मचारियों की सुनवाई नहीं ?

सुसाइड नोट में कथित तौर पर यह भी लिखा गया कि पुलिस मुख्यालय में उसके जैसे साधारण कर्मचारियों की पूछ-परख नहीं है। यही बात अब सबसे बड़ा सवाल बन गई है, क्या पुलिस मुख्यालय की व्यवस्था केवल प्रभावशाली लोगों की सुनती है,

An ISO 9001:2015 ISO 14001:2015 OHSAS 18001:2007 Certified www.jnctrewa.com

JAWAHARLAL NEHRU GROUP OF INSTITUTION

Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to RGPV Bhopal, APSU, Rewa

JNCT REWA

कॉलेज लेवल काउंसलिंग (CLC)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश का अंतिम अवसर

अंतिम तिथि: 14 अगस्त 2026

B.Tech.
- AI & ML (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- AI & DS (Artificial Intelligence & Data Science)
- Computer Science
- Electronics & Communication
- Electrical & Electronics
- Mechanical · Civil · Mining

M.Tech.
- Structural
- Thermal
- Computer Science
- Digital Communication
- High Voltage System

DIPLOMA
- Mining & Mine Surveying
- Computer Science
- Mechanical
- Electrical
- Civil

D.Pharma
B.Pharma
BBA
MBA
BCA

Add.: Near Bypass, JNCT Chouraha, Ratahara, Rewa (M.P.)
Mob. 8109412689, 9111100493

कम डाउन पेमेंट ₹5 999/-^

Hero GoodLife चांदी का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक#

टोल फ्री 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99

CMYK